गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. न.दि./गेल/सचि./2016

22 अगस्त, 2016

**सूचीकरण विभाग**
बीएसई लिमिटेड
पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
**मुंबई-400001**

प्रिय महोदय,

कृपया **"भारत को स्वच्छ एवं विश्वसनीय ऊर्जा से युक्त करने के लिए गेल एवं ब्लूम एनर्जी के बीच भागीदारी"** विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की संलग्न प्रति प्राप्त करें।

यह आपकी जानकारी एवं रिकॉर्ड हेतु प्रेषित है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार
**<u>प्रतिलिपि</u>** :

1. सूचीकरण विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल
   प्लाट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400051
2. ड्यूश-बैंक एजी, फिलीअले मुंबई
   टीएसएस एवं ग्लोबल इक्विटी सेवाएं,
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक,
   बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई-400051

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

## गेल (इंडिया) लिमिटेड

**प्रेस विज्ञप्ति**

### भारत को स्वच्छ एवं विश्वसनीय ऊर्जा से युक्त करने के लिए गेल एवं ब्लूम एनर्जी के बीच भागीदारी

भारत में प्राकृतिक गैस का उपयोग करते हुए अभिनव फ्यूल सेल टेक्नोलॉजी प्रयोग करने के लिए दोनों कंपनियों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

**नई दिल्ली, 22 अगस्त, 2016** : गेल (इंडिया) लिमिटेड तथा सिलिकॉन वैली में स्थित ब्लूम एनर्जी ने आज घोषणा की कि भारत के ऊर्जा भविष्य को अभिनव टेक्नोलॉजी से परिवर्तित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ताकि बिजली बनाने के लिए प्राकृतिक गैस आधारित फ्यूल सैल टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा सके।

माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर श्री बी. सी. त्रिपाठी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल (इंडिया) लिमिटेड और डॉ. के. आर. श्रीधर, सीईओ एवं संस्थापक ब्लूम एनर्जी ने हस्ताक्षर किए। नीति आयोग के सीईओ, श्री अभिताभ कांत और एडिशनल सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, श्री ए. पी. साहनी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस टेक्नोलॉजी को फॉरच्यून 500 कंपनियों में से 100 कंपनियां उपयोग कर रही हैं जोकि एफएमसीजी, आईटी, टेलीकॉम, खुदरा तथा ई-कॉमर्स की बड़ी कंपनियां हैं। ब्लूम एनर्जी की अत्याधुनिक सोलिड आक्साइड फ्यूल सैल (एसओएफसी) टेक्नोलॉजी प्राकृतिक गैस को आधार ईंधन की तरह उपयोग करते हुए ईंधन को बिजली में बदल देती है और इससे अत्यधिक कार्यक्षम गैर-ज्वलनशील प्रक्रिया से लगातार बिजली मिलती है जो ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन तथा खतरनाक वायु उत्सर्जकों को कम करती है और परंपरागत पॉवर प्रजनन की तुलना में पानी का कम प्रयोग करती है। ब्लूम एनर्जी के सर्वर को किसी भी प्रचालनगत भवन या कार्यस्थल पर स्थापित किया जा सकता है और प्राकृतिक गैस पाइपलाइन में जोड़कर निर्बाध, कार्यक्षम, शोर सहित पॉवर का लोड पॉवर का चौबीसों घंटे का उपयोग किया जा सकता है।

बेंगलुरु स्थित गेल की सहायक कंपनी भी ब्लूम एनर्जी के बहु एमडब्ल्यू ऊर्जा परियोजना को प्राकृतिक गैस की पहले ही आपूर्ति कर रही है जोकि बेंगलुरु स्थित टेक्नोलॉजी पार्क में एक बड़ी ग्लोबल कंपनी को ऊर्जा प्रदान का रही है।

यह अनूठा गठबंधन दोनों ही संगठनों को मजबूती प्रदान करेगा। जबकि गेल प्राकृतिक गैस के पोर्टफोलियो को उपलब्ध कराकर यह सुनिश्चित करेगा कि ब्लूम एनर्जी परियोजना और इसके इंटीग्रेटिड आपूर्ति नेटवर्क को विश्वसनीय तथा प्रतियोगी तरीके से गैस मिलती रहे। ब्लूम एनर्जी का पॉवर सिस्टम एडवांस्ड सालिड आक्साइड फ्यूल सैल टेक्नोलॉजी पर प्रचालित होता है जोकि प्राकृतिक गैस आधारित बिजली का सर्वाधिक कार्यक्षम उत्पादक के रूप में माना जाता है। समझौता ज्ञापन में गेल तथा ब्लूम एनर्जी के शेयर्ड विज़न की

व्यवस्था है और इससे भारतीय उपयोक्ताओं के लिए दो अग्रणी ब्रांडों द्वारा उपलब्ध कराई गई विश्वसनीय सेवाओं का अनुभव प्राप्त होता है और भारत में वितरित पॉवर प्रजनन प्रणालियों को विस्तार मिलता है।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धमेन्द्र प्रधान जी ने कहा कि "ब्लूम एनर्जी एवं गेल के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर माननीय प्रधानमंत्री के विज़न, भारत की तीव्र प्रगति में टेक्नोलॉजी और अभिनवता के प्रयोग से विकास किया जा सके, की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस समझौता ज्ञापन से सर्वाधिक लाभ शहरी भारत को होगा क्योंकि यह बैकअप पॉवर जनरेशन के कारण उत्पन्न प्रदूषण में काफी मात्रा में कमी करेगा।"

श्री अभिताभ कांत, सीईओ, नीति आयोग ने ब्लूम टेक्नोलॉजी को क्रांतिकारी तक्नोलॉजी बताया जोकि विद्युत प्रजनन में परिवर्तन लाएगी।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए श्री बी. सी. त्रिपाठी ने कहा कि "गेल और ब्लूम एनर्जी के पास स्वच्छतम एवं विश्वनीय जीवाश्मीय ईंधन वाली प्राकृतिक गैस तथा ब्लूम एनर्जी की सोलिड आक्साइड फ्यूल सैल पॉवर टेक्नोलॉजी की मेल से भारत के ऊर्जा भविष्य को बदलने का स्वर्णिम अवसर है। भारतीय बाजार में स्वच्छ, विश्वसनीय एवं वहनीय ऊर्जा प्रदान करने की यह एक अनूठी स्थिति है और इसे स्थापित करने का कम स्थान और समय लगता है। भारत की तेज़ी से बढ़ रही ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ण करने का यह एक श्रेष्ठ समाधन है।"

ब्लूम एनर्जी के सीईओ तथा प्रणेता डॉ. के. आर. श्रीधर ने कहा कि यह यहां उपस्थित होना ही सम्मान की बात है, हम माननीय राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान एवं गेल की सराहना करते हैं कि भारत के नए ऊर्जा भविष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए सराहना करता हूं। यह भागीदारी विश्व एवं भारत के लिए स्वच्छ, विश्वसनीय एवं वहनीय ऊर्जा के ब्लूम एनर्जी के मिशन का साकार करने में नज़दीक लाएगी।

**गेल परिचय**

गेल प्राकृतिक गैस क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है, जो प्राकृतिक गैस की मूल्य श्रृंखला में व्यापार, ट्रांसमिशन, एलपीजी उत्पादन एवं ट्रांसमिशन, पेट्रोकेमिकल, शहरी गैस, अन्वेषण एवं उत्पादन आदि में हित धारण करती है। गेल 210 मिलियन क्यूबिक मीटर प्रतिदिन की क्षमता वाली 11,000 कि.मी. से अधिक लंबी पाइपलाइन नेटवर्क का प्रचालन करती है। गैस ट्रांसमिसन में गेल का भाग लगभग 75% है और गैस व्यापार में 50% से अधिक भाग है। कंपनी यूएसए एवं सिंगापुर में सहायक कंपनियों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपस्थिति दर्ज कर रही है।

**ब्लूम एनर्जी**

ब्लूम एनर्जी सॉलिड आक्साइड फ्यूल सैल तक्नोलॉजी को उपलब्ध कराने वाली कंपनी है जो विविध ईंधन स्रोतों से कार्यस्थल पर स्वच्छ, कार्यक्षम, ऊर्जा उपलब्ध करा रही है। इसकी स्थापना वर्ष 2001 में की गई

थी और इसका मिशन है विश्व में प्रत्येक हेतु स्वच्छ, विश्वसनीय ऊर्जा उत्पन्न करना है, ब्लूम एनर्जी सर्वर इस समय इलैक्ट्रिक कंपनियों, शासकीय संगठनों एवं 100 से अधिक वैश्विक कंपनियों यथा अमरीका में एप्पल, गूगल, कोका कोला, बैंक ऑफ अमेरिका, वालमार्ट एवं फेडएक्स को ऊर्जा उपलब्ध करा रही है। ब्लूम को वितरित पॉवर प्रजनन के क्षेत्र में कई मान्यताएं मिली हैं जिनमें शामिल हैं वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम, टाइम मैगजीन, 60 मिनट्स और हाल ही में ब्लूम को सीएनबीसी द्वारा लगातार दो वर्ष से टॉप "डिसरप्टर" नाम दिया है। कंपनी का मुख्यालय सनीवेल, कैलिफोर्निया में स्थित है और नेटवर्क,डेलवेअर, बेंगलुरु एवं मुंबई में प्रचालन कर रही है।